# MP BOARD CLASS 10 HM SOCIAL SCIENCE MODEL PAPER SET 6 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM सामाजिक विज्ञान मोडल पेपर सेट 6 2020

समय : 3 घण्टे प्रणांक: 100

निर्देश- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2. प्रश्न-पत्र में दो खण्ड दिये गये हैं खण्ड 'अ' और खण्ड 'ब'।

3. खण्ड 'अ' में दिये गये प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ एवं अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

4. खण्ड 'ब' में प्रश्न क्रमांक 6 से 26 तक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

5. प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक के प्रश्नों में 2 अंक आबंटित हैं।

6. प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक के प्रश्नों में 3 अंक आबंटित हैं।

7. प्रश्न क्रमांक 15 से 21 तक के प्रश्नों में 4 अंक आबंटित हैं।

8. प्रश्न क्रमांक 22 से 26 तक के प्रश्नों में 5 अंक आबंटित हैं।

## खण्ड 'अ'

वस्तुनिष्ठ प्रश्न -

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए-

1. वन महोत्सव के जन्मदाता हैं-

(क) महात्मा गाँधी (ख) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (ग) के. एम. मुंशी (घ) आचार्य विनोबा भावे।

2. सोयाबीन उत्पादक प्रमुख राज्य है

(क) मध्यप्रदेश (ख) हरियाणा (ग) छत्तीसगढ़ (घ) उत्तरांचल।

3. सूती वस्त्र उद्योग का पहला कारखाना सन् 1818 में स्थापित किया गया था-

(क) अहमदाबाद (ख) कोलकाता (ग) मुम्बई (घ) चण्डीगढ़।

4. स्वर्णिम चतुर्भुज का संबंध है-

(क) यातायात से (ख) विज्ञान से (ग) कृषि से (घ) उद्योग से।

5. सर्वाधिक बाढ़ प्रभावित राज्य है

(क) बिहार (ख) पश्चिम बंगाल (ग) असम (घ) उत्तर प्रदेश।

उत्तर- 1. (ग), 2. (क), 3. (ख), 4.(क), 5. (क)।

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. 'जय हिन्द' का नारा .................. ने दिया था।

2. दिल्ली की जनता ने ................... को भारत का सम्राट घोषित किया।

3. सन् 1905 में बंगाल प्रान्त में बंगाल, .................. व उड़ीसा सम्मिलित थे।

4. संविधान सभा के अध्यक्ष .................... थे।

5. समानता का अधिकार संविधान में वर्णित ............... में से एक है।

उत्तर- 1. सुभाषचन्द्र बोस, 2. बहादुरशाह जफर, 3. बिहार, 4. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, 5 मूल अधिकार।

प्रश्न 3. सत्य/असत्य बताइए-

1. राज्यसभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 है।

2. नगरपालिका पार्षद की न्यूनतम आयु 25 वर्ष होती है।

3. बेरोजगारी से लोकतंत्र को कोई खतरा नहीं है।

4. क्षेत्रवाद राष्ट्रीय एकता का मूलाधार है।

5. आर्थिक विकास एक सतत् एवं निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

उत्तर- 1.सत्य, 2. सत्य, 3. असत्य, 4. असत्य, 5.सत्य।

प्रश्न 4. सही जोड़ी मिलाइए-

| 'अ' | ‘ब’ |
|---|---|
| 1. अमर्त्य सेन | (क) बैंकों का बैंक |
| 2. भारतीय रिजर्व बैंक | (ख) नेपाल |
| 3. परिवहन एवं संचार | (ग) आर्थिक कल्याण |
| 4. मछली पालन | (घ) तृतीयक क्षेत्र |
| 5. यूनाइटेड टेलीकॉम | (ङ) प्राथमिक क्षेत्र। |

उत्तर- 1. (ग), 2. (क), 3. (घ), 4. (ङ), 5. (ख)।

प्रश्न 5. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए

1. राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है ?

2. वस्तु या सेवा के खरीददार को क्या कहते हैं ?

3. हॉलमार्क किसकी गुणवत्ता को प्रमाणित करता है ?

4. वैश्वीकरण से किस उपभोक्ता वर्ग को अधिक लाभ हुआ है ?

5. जम्मू-कश्मीर को किस अनुच्छेद के अंतर्गत विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है?

उत्तर-1. 24 दिसंबर, 2. उपभोक्ता, 3. स्वर्ण आभूषणों, 4. मध्यम वर्ग उपभोक्ता, 5. अनुच्छेद 370।

खण्ड 'ब'

प्रश्न 6. भौम जल पाने के स्रोत क्या हैं ?

अथवा, 'वन महोत्सव' कार्यक्रम क्या है ?

प्रश्न 7. सन् 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेताओं के नाम बताइए।

अथवा, लॉर्ड कर्जन ने शासन की कौन-सी नीति अपनाई ?'

प्रश्न 8. प्रति व्यक्ति आय क्या है व इसकी गणना का सूत्र लिखिए।

अथवा, बेरोजगारी भत्ता किसे दिया जाता है ?

प्रश्न 9. सेवा-क्षेत्र क्या है ?

अथवा, अधोसंरचना के प्रमुख अंगों के नाम लिखिए।

प्रश्न 10. राइट टू इन्फॉर्मेशन क्या है ?

अथवा, कालाबाजारी किसे कहते हैं ?

प्रश्न 11. वन संरक्षण के उपाय लिखिए।

अथवा, हरित क्रांति की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ?

प्रश्न 12. आधुनिक युग में लोहे का क्या महत्व है ?

अथवा, "मध्य प्रदेश खनिज सम्पदा का भंडार है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए।

प्रश्न 13. अंग्रेजी शासन से भारतीय शासकों में असंतोष के क्या कारण थे?

अथवा, राष्ट्रीय जागृति के विकास में किन-किन भारतीय समाचार पत्रों ने अपनी भूमिका निभाई थी? लिखिए।

प्रश्न 14. सन् 1857 के संग्राम को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम क्यों कहा जाता है ?

अथवा, भारत में राष्ट्रीय जागृति के विकास में पश्चिमी विचारों और शिक्षा ने क्या भूमिका निभाई?

प्रश्न 15. अहमदाबाद में सूती वस्त्र उद्योग क्यों केन्द्रित है ?

अथवा, खनन उद्योग को 'लुटेरा उद्योग' क्यों कहा जाता है ?

प्रश्न 16. किन्हीं चार संचार साधनों के बारे में लिखिए।

अथवा, क्या सड़क परिवहन रेल परिवहन से ज्यादा महत्वपूर्ण है ? समझाइए।

प्रश्न 17. "आपदा प्रबंधन का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी को होना चाहिए।" क्यों ?

अथवा, घरों में लगने वाली आग से बचाव के कोई चार उपाय बताइए।

प्रश्न 18. भारत छोड़ो आन्दोलन की असफलता के क्या कारण थे ?

अथवा, झंडा सत्याग्रह किस प्रकार हुआ ? वर्णन कीजिए।

प्रश्न 19. भारत-चीन युद्ध में एकतरफा युद्ध विराम की घोषणा चीन ने क्यों की? वर्णन कीजिए।

अथवा, सन् 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के परिणाम लिखिए।

प्रश्न 20. भारत का संविधान लिखित एवं विस्तृत क्यों है ? वर्णन कीजिए।

अथवा, संघात्मक व संसदीय शासन व्यवस्था का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 21. मिश्रित अर्थव्यवस्था के मुख्य गुण-दोषों की विवेचना कीजिए।

अथवा, वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं? वैश्वीकरण की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने वाले कारणों की विवेचना कीजिए।http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 22. निम्नलिखित को भारत के मानचित्र में दर्शाइए-

(i) कच्छ कारण, (ii) चेरापूँजी, (iii) हजीरा-जगदीशपुर गैस पाइपलाइन, (iv) छोटा नागपुर पठार, (v) विशाखापट्टनमा

अथवा, निम्नलिखित को संकेत चिन्हों के रूप में दर्शाइए-

(i) फुहार, (ii) धुन्ध, (ii) घने बादल, (iv) शांत, (v) प्रबल समीर।

प्रश्न 23. क्रांतिकारियों का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान स्पष्ट कीजिए।

अथवा, महात्मा गाँधी द्वारा चलाये गये तीन आंदोलनों का विवरण दीजिए।

प्रश्न 24. कश्मीर समस्या क्या है ? विस्तार से समझाइए।

अथवा, भारत का आण्विक शक्ति के रूप में विकास किस प्रकार हुआ? वर्णन कीजिए।

प्रश्न 25. भारत के राष्ट्रपति की शक्तियों का संक्षेप में विवेचना कीजिए।

अथवा, सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियों एवं कर्तव्यों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 26. मादक पदार्थों का शरीर पर क्या प्रभाव होता है?

अथवा, भारत में बेरोजगारी के कारणों को दूर करने के उपाय बताइए।

..............